हिन्दी सान्ध्य दैनिक   जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

NEWS

dku live &
dkunews24

वर्ष : 01 अंक–94 : जौनपुर, बुधवार 07 दिसम्बर 2022   सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )   पेज –4   मूल्य : 2 रूपया

## यूपी का कोविड प्रबंधन मॉडल : दुनिया के लिए अनुकरणीय –मेलिंडा गेट्स

लखनऊ ब्यूरो : बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह–संस्थापक मिलिंडा गेट्स ने बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर सीएम योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। उत्तर प्रदेश आगमन पर मुख्यमंत्री योगी ने मिलिंडा गेट्स व उनके सहयोगियों का अभिनन्दन किया। विशेष मुलाकात में मिलिंडा गेट्स ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ स्वास्थ्य, पोषण और कृषि के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को और बढ़ाने पर विचार–विमर्श किया। मिलिंडा गेट्स ने कहा कि हाल के वर्षों में कोविड प्रबंधन और इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर नियंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश ने जैसा काम किया है, वह एक अनुकरणीय मॉडल है। कोविड की चुनौतियों के बीच यूपी के सघन जनसंख्या घनत्व और विविधा सामाजिक चुनौतियों का सामना यहां के नेतृत्व ने जिस प्रकार किया वह अत्यन्त सराहनीय है। इतनी बड़ी और सघन आबादी के बीच वैक्सीनेशन का जैसा काम हुआ, उससे दुनिया को सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, पोषण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की कोशिशें प्रेरणा देने वाली हैं। उत्तर प्रदेश न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए मॉडल है। उत्तर प्रदेश के साथ फाउंडेशन के गहरे संबंधों की चर्चा करते हुए मिलिंडा गेट्स ने कहा कि स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में हम लंबे समय से यहां काम कर रहे हैं। यह खुशी की बात है कि समाज के सबसे कमजोर और अंतिम व्यक्ति तक हम सुविधा पहुंचाने में सफल हो पा रहे हैं। आने वाले समय मे हम यूपी के साथ अपने संबंधों को और बेहतर करने की मंशा रखते हैं। मिलिंडा गेट्स ने यूपी में प्रभावी ढंग से लागू डिजिटल बैंकिंग सिस्टम की भी सराहना की। मिलिंडा गेट्स ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास की अपार संभावनाएं हैं। विगत वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर की बेहतरी के लिए जैसा कार्य किया है, वह अभूतपूर्व है। उत्तर प्रदेश का विकास शानदार है, उसकी दिशा सही है। इसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पोषण मिशन की सफलता की चर्चा



करते हुए मिलिंडा गेट्स इसके लिए महिला स्वयंसेवी समूहों की भूमिका को सराहा, तो कृषि प्रधान देश के सबसे बड़े राज्य में एफपीओ के गठन को बढ़ावा देकर किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए हो रही कोशिशों की प्रशंसा भी की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि भारत की आजादी के अमृत वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दिसंबर 2022 से दिसंबर 2023 तक विश्व के बड़े राष्ट्रों के समूह जी–20 की अध्यक्षता करने का सुअवसर मिला है। यह कालखंड पूरी दुनिया की सुख, समृद्धि और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि बीएमजीएफ के कार्यों को उन्होंने नजदीक से देखा है। स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) का सराहनीय योगदान रहा है। कोविड की चुनौतियों के बीच फाउंडेशन की ओर से यूपी को लॉजिस्टिक्स और टेक्निकल सपोर्ट मिला। हम इसके लिए फाउंडेशन के प्रति आभारी हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। कई मानकों पर तो हमारा प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। इस कार्य में भी हमें बीएमजीएफ का सहयोग मिला है। यूपी में मातृ और शिशु मृत्यु दर में बड़ी गिरावट आई है। वहीं, प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देश मे बच्चों के टीकाकरण के लिए मिशन इंद्रधनुष जैसे अभियान के माध्यम से टीकाकरण के लिए मिशन मोड में प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों का ही परिणाम है कि प्रदेश में हर नागरिक की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

## दादानगर समांतर पुल का रास्ता साफ निकाय चुनाव के बाद होगा शिलान्यास

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी जी ने, अपने स्वयं के द्वारा स्वीकृत कराए गए, दादा नगर के समानांतर पुल की प्रगति तेज करने के संबंध में और कार्य प्रारंभ हेतु, शिलान्यास को,अविलंब कराने हेतु, सदन में श्री जितिन प्रसाद जी माननीय पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर से मुलाकात करी और उनसे आग्रह किया कि समानांतर पुल, जिसकी वित्तीय स्वीकृति हो गई थी और नाबार्ड में स्वीकृत के लिए रुका हुआ था उसको जल्दी ही कार्य प्रारंभ कराने का आग्रह किया। पत्र में विधायक ने कहा कि, दादा नगर समानान्तर पुल जो हमारी विधानसभा क्षेत्र में स्थित है। उसके जनहित में निर्माण कार्य हेतु, पूर्व में मा. मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 शासन जी से राज्यांश की स्वीकृति उपरान्त सारे सम्बन्धित प्रपत्र ले जाकर, मा. रेल मंत्री जी को मेरे द्वारा प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा उक्त ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु स्वीकृति दी जा चुकी है। विधायक ने मंत्री जी को बताया कि, उक्त पुल के निर्माण हेतु, केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और पुल निर्माण हेतु, सारी औपचारिकतायें भी पूर्ण हो चुकी हैं। परन्तु किसी कारण वश उक्त पुल का निर्माण कार्य हेतु, टेण्डर प्रक्रिया काफी समय से लम्बित है। मा. जी वर्तमान में उक्त पुल का निर्माण कार्य टेण्डर



प्रक्रिया में जाना है और उसके उपरान्त शिलान्यास होना शेष है। विधायक ने मा. मंत्री जी से कहा कि, मेरा आपसे विनम्र आग्रह है कि, हम लोग बहुत ही शौभाग्यशाली होंगे कि, आपके कर कमलों द्वारा उ0प्र0 का पहला शिलान्यास कार्यक्रम, हमारी गोविन्द नगर विधानसभा कानपुर में होगा जो कि, कानपुर वासियों को और हम सब कार्यकर्ताओं को गौरव का अनुभव करायेगा। और साथ ही विधायक ने मंत्री जी से जनहित में निवेदन किया कि, उक्त पुल की टेण्डर प्रक्रिया को पूर्ण कराकर, शिलान्यास कर पुल का निर्माण कार्य जनहित में कराये जाने की कृपा करें। जिस पर माननीय मंत्री जी ने अपने अधिकारियों को बुलाके उसकी स्थिति की चर्चा की और मंत्री जी ने फिर चर्चा उपरांत विधायक जी को बताया कि वह नाबार्ड से पास हो गया है 2 माह के भीतर – भीतर इसका शिलान्यास करके कार्य प्रारंभ करा देंगे।

## निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डॉक्टर गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में ग्राम पंचायत शुदनीपुर की बस्ती में खंडशिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं डॉक्टर अविनाश सिंह के संरक्षण में नोडल शिक्षक लालबहादुर यादव द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल न जा रहे बच्चो के लिए उनके अभिभावकों को जागृत करने,डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में भेजे जा रहे 1200 रु के समुचित उपयोग करने,उससे बच्चों के लिए जूता,मोजा,ड्रेस ,बैग स्वेटर ही खरीदे तथा सरकार द्वारा निर्धारित शैक्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष निपुण भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए अभिभावकों को जागृत किया गया।इस अवसर पर नोडल शिक्षक लालबहादुर यादव,प्रधानाध्यापक शिवकुमार सरोज ने सरकार की योजनाओं को समझाते हुए विद्यालय न आ रहे बच्चो को प्रतिदिन स्कूल भेजने की अभिभावकों को शपथ दिलायी।एक भी बच्चा छूटा तो



संकल्प हमारा टूटा इसी लक्ष्य को साधने के लिए उपस्थित जनमानस को अनुप्राणित किया।नाटक का कुशल मंचन जिला कार्यालय द्वारा अधिकृत टीम द्वारा किया गया तथा संचालन श्री डीएन यादव द्वारा किया गया।ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र विष्वकर्मा द्वारा व्यवस्था दी गयी।इस अवसर पर सहायक अध्यापक विनोद कुमार यादव,विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष राधेश्याम सहित विद्यालय में नामांकित बाच्चो के अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## डीएम नितीश कुमार ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस धन संग्रह अभियान का किया शुभारम्भ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के तत्वाधान में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस धन संग्रह अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर ले० कर्नल संजीव कुमार, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को प्रतीक लगाया गया।इस मौके पर जिलाधिकारी ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि के दानपत्र में सैनिकों के कल्याणार्थ योगदान भी किया तथा सभी कार्यालयाध्यक्षों/संस्था प्रभारियों को सम्बोधित पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी ने सैनिकों के प्रति आदर सम्मान एवं अपनत्व प्रदर्शित करते हुये सेवारत सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के कल्याणार्थ उदारतापूर्वक धन संग्रह अभियान में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करने हेतु अपील की है। अधिकाधिक धन संग्रह अभियान में उत्कृष्ट योगदान हेतु सरकारी सेवकों की गोपनीय प्रविष्टियों में प्रसंशात्मक प्रविष्टि करने का भी उल्लेख किया गया है। गत वर्ष सर्वाधिक धन संग्रह करने वाले 10 विभागाध्यक्षों/संस्थानों के प्रभारियों कों उत्कृष्ट योगदान हेतु इं० वी०के० श्रीवास्तव प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, डॉ अमृता जायसवाल, उप निबंधक बीकापुर, इं० डी०सी० दीक्षित, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, उ०प्र०पा०दा०का०लि०, अजय कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य बाबूलाल परागदेयी पटेल गायत्री इं0का0 अलीगंज, डॉ सुनील कुमार प्रधानाचार्य जे०बी० एकेडमी हौसिला नगर, श्रीमती कुसुमलता प्रध





ानाचार्या, राजकीय बालिका इ०का०, धीरेन्द्र नाथ सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इ०का०, अतुल चन्द्र द्विवेदी, जिला आबकारी अधिकारी, श्रीमती नीलम गुप्ता प्रधानाचार्या, बापू बालिका इंटर कालेज एवं प्रो० प्रतिभा गोयल, कुलपति डॉ० रा०लो०अ०वि०वि०, अयोध्या को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले० कर्नल संजीव कुमार ने बताया कि सेना झण्डा दिवस धन संग्रह अभियान में संग्रहीत धनराशि युद्ध के समय हुयी जनहानि में सहयोग, सेना में कार्यरत सैनिकों एवं सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के कल्याण हेतु किया जायेगा । देश की सुरक्षा एवं संरक्षा हेतु आपसे अधिकाधिक धन संग्रह हेतु सक्रिय सहयोग की अपील की जाती है।झंण्डा दिवस निधि में दान की गयी राशि पूरी तरह आयकर से मुक्त है।इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यालय के जगदीश प्रसाद, वरिष्ठ सहायक, प्रेमचन्द यादव, चपरासी एवं शिवकुमार द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

## प्रदूषण निगरानी केंद्र ही बंद कर दिया और सुधर गई लखनऊ की हवा

लखनऊ ब्यूरो : प्रदूषण खत्म करने के लिए अफसरों ने नया तरीका ईजाद कर लिया है। नया तरीका है प्रदूषण निगरानी केंद्र को बंद करना, जिससे हवा अपने आप सुधरी दिखने लगेगी। जी हां, खराब सड़क, ट्रैफिक जाम जैसे कारणों को खत्म नहीं कर पाए अफसरों ने तालकटोरा में यह प्रयोग किया है। इस प्रयोग का ही परिणाम रहा कि देर शाम को शहर का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के नीचे पहुंच गया, जो कि हवा के सुधरने का संकेत है। शाम चार बजे भी यह 201 रिकॉर्ड हुआ। अभी तक तालकटोरा में एक्यूआई के 300 से अधिक रिकॉर्ड होने की वजह से शहर का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब की श्रेणी में बना हुआ था। नए प्रयोग पर चौंकिए नहीं। हवा की सेहत सुधरी हुई दिखाने के लिए निगरानी केंद्रों को कुकरैल वन क्षेत्र और कम आबादी वाले क्षेत्र बीबीएयू में लगाने का प्रयोग तो अफसर पहले ही कर चुके हैं। इससे भी बात नहीं बनी तो सबसे अधिक प्रदूषण वाले केंद्रों को ही बंद किया जाने लगा। रविवार को भी तालकटोरा का निगरानी केंद्र बंद था। इस वजह से औसत एक्यूआई निकालने के लिए डाटा ही उपयोग नहीं हो पाया। वहीं मंगलवार को भी यह निगरानी केंद्र बंद रहा। कुकरैल का निगरानी केंद्र भी मंगलवार को डाटा नहीं जुटा पाया।बहरहाल, यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. यूसी शुक्ला का कहना है कि संभावना है कि किसी तकनीकी दिक्कत की वजह से ऐसा हुआ हो। तालकटोरा में खासतौर पर हमारा प्रयास वायु प्रदूषण कम करने पर है। यहां प्लाईवुड फैक्टरियों पर सख्ती के अलावा जिला उद्योग केंद्र व पीडब्ल्यूडी से सड़क बनवाने, ट्रैफिक जाम नहीं लगने देने पर काम किया जा रहा है। 10 मीटर तक ऊंची करें चिमनी, सीएनजी उपयोग करें तालकटोरा में प्लाईवुड फैक्टरियों को बंद करने की कार्रवाई शुरू कर चुके यूपीपीसीबी ने संचालकों को चिमनियां 10 मीटर ऊंची करने और बॉयलर में सीएनजी का उपयोग ही होने का विकल्प चुनने के लिए कहा है। ऐसा नहीं होने पर यूपीपीसीबी ने फैक्टरियां बंद कराने की बात कही है। एनओसी निरस्त करने का नोटिस जारी होने के बाद यूपीपीसीबी के सदस्य सचिव अजय शर्मा से कारोबारी मिले। सदस्य सचिव ने कहा, चिमनियों को ऊंचा करने के अलावा वेट स्क्रबर के साथ प्रदूषण नियंत्रण इकाई को 24 घंटे चलाया जाए। वेट स्क्रबर गीले होने के कारण कार्बन के कणों को सोख लेता है। इससे कार्बन के कण हवा में नहीं घुलते। केवल सफेद धुआं ही हवा में ब्रीदिंग जोन के बाहर निकलता है। वहीं लकड़ी के टुकड़ों की जगह सीएनजी का उपयोग होने से प्रदूषण न्यूनतम हो जाएगा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## श्रीमद् भागवत कथा समापन पर हवन व भंडारा आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बाराबंकी में सूरतगंज ब्लॉक के चन्दूरा गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के समापन



पर हवन व भंडारे का आयोजन किया गया. कथा व्यास विमल बल्लभ महाराज ने मुख्य संकल्पी राजेश्वरी दीक्षित और यजमान गिरीश चंद्र दीक्षित व श्रीमती रमा दीक्षित को सदैव प्रभु सेवा में लगे रहने का आशीर्वाद दिया. इससे पूर्व, आचार्य अथर्व मिश्र ने यजमान समेत सम्पूर्ण दीक्षित परिवार को साथ बैठाकर हवन कराया. दोपहर बाद शुरू भंडारे में क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों के अलावा, सैकड़ों श्रद्धालु जनों ने प्रसाद ग्रहण किया.इससे पूर्व, कथा के आखिरी दिन सायंकालीन बेला में व्यास श्री बल्लभ महाराज ने कहा कि अहंकार मनुष्य के पतन का मुख्य कारण है. जब तक मन मस्तिष्क में घमंड रहता है तब तक प्रभु की कृपा नहीं मिल सकती. माधव को पाने के लिए साधक को अहंकार का त्याग करना ही होता है. बिना गुरु कृपा के यह संभव भी नहीं है. उन्होंने कहा कि भौतिक सम्पन्नता के साथ आध्यात्मिक सम्पन्नता भी जरूरी है. आध्यात्म से आत्मबल मजबूत होता है. गीता – रामायण का नियमित पाठ करने से मन स्थिर रहता है.सातों दिन कथा सुनने कर आनंदित होने वाले श्रद्धालु जनों में सर्वश्री सुरेश चंद्र दीक्षित, दिनेश चंद्र दीक्षित, नरेश दीक्षित, बृजेश चंद्र दीक्षित, एस. डी. दीक्षित, राजेश दीक्षित, राम जी, छोटकन्नू, आशुतोष दीक्षित, आशीष, सोमू, पुन्नू, मंजुल, प्रिंसू, गोलू, शिव कैलाश, मनोरमा, सुशीला, विजय लक्ष्मी, नीलम, वंदना, बिट्टा, राधा, बबली, रिम्मी, शिल्पी, शीलू,गुड़िया, सोनी, रेनू, रीतू, नीतू, श्वेता, हैप्पी आदि प्रमुख हैं.पूर्णाहुति के बाद भंडारे मेंसर्वश्री सुखनंदन अवस्थी, निवर्तमान भाजपा विधायक शरद अवस्थी, नीरज बाजपेयी, मनीष पाण्डेय, प्रेम मिश्र, अनुराग बाजपेयी, चंदन मिश्र, रमेश बाजपेई, कल्लू मिश्र, विनोद मिश्र, महेश मिश्र, पुतई, मुन्ना अवस्थी, बाबू राम मौर्य, कृष्ण चंद्र त्रिवेदी, वशिष्ठ त्रिवेदी, मीनू, टिंकू, परमा, राकेश, शिव रानी, राम रानी, जूली व गुनगुन आदि भक्त शामिल रहे।

## पीलीभीत और चित्रकूट के एसपी बदले : छह आईपीएस अफसरों को नई तैनाती

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में बुधवार को छह आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। दो जिलों पीलीभीत और चित्रकूट के पुलिस अधीक्षकों के तबादले हुए हैं। आईपीएस अतुल शर्मा एसपी चित्रकूट को पीलीभीत का नया एसपी बनाया गया जबकि आईपीएस वृंदा शुक्ला को



चित्रकूट की नई पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। आईपीएस आकाश कुलहरी डीआईजी फायर सर्विस से अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रयागराज बने। आईपीएस जुगल किशोर डीआईजी टेलीकॉम से डीआईजी फायर सर्विस बनाए गए। आईपीएस दिनेश कुमार पी को एसपी पीलीभीत से डीसीपी गाजियाबाद बनाया गया। आईपीएस अष्टभुजा प्रसाद सिंह एसपी जीआरपी प्रयागराज बनाए गए हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन में कुछ भी पाना है तो विनम्रता उस सफर की पहली सीढ़ी है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# शीत सत्र में क्षेत्रीय पार्टियां बनाएंगी दबाव

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने 95 फीसदी सफलता दर के साथ कागज रहित लोकसभा बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है। यह सत्रहवीं लोकसभा का दसवां सत्र है।

गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों पर टीवी चैनलों के एक्जिट पोल के नतीजे की पृष्ठभूमि में आज से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। पुराने संसद भवन में दोनों सदनों की यह आखिरी बैठक होगी, क्योंकि जनवरी, 2023 में बजट सत्र के लिए नए संसद भवन का उद्घाटन होना तय है। संसद के शीत सत्र का समापन 29 दिसंबर, 2022 को होगा और इस दौरान 17 दिन काम होगा। यह पहली बार है, जब शीतकालीन सत्र छोटा किया गया है। यह सत्र इसलिए भी इतिहास में जाना जाएगा कि सदस्य अपने मोबाइल फोन के जरिये अपनी ई–उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं। अब सांसदों को रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने की जरूरत नहीं है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने 95 फीसदी सफलता दर के साथ कागज रहित लोकसभा बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है। यह सत्रहवीं लोकसभा का दसवां सत्र है। यह पहला शीतकालीन सत्र होगा, जब विदेश मंत्री एस जयशंकर 18 देशों की यात्रा के दौरान अपनी द्विपक्षीय वार्ता के बारे में बयान देंगे, जिसका परिणाम विश्व नेताओं के साथ बेहतर समन्वय के रूप में सामने आया। यह अपनी तरह का पहला सत्र होगा, जब भारत जी–20 का नेतृत्व करने के साथ–साथ जुलाई, 2023 में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक की भी अध्यक्षता करेगा। ये भारत के विश्व शक्ति बनने की शुरुआत को चिह्नित करता है, जिसके लिए भाजपा कहती है कि भारत 'विश्व गुरु' बनेगा।

यह पहला सत्र होगा, जब राज्यसभा के सभापति के रूप में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पीठासीन होंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के सांसद सभापति के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षक इसका कारण जानते हैं कि मुख्यमंत्री और राज्यपाल के रूप में ममता बनर्जी और जगदीप धनखड़ के संबंध अच्छे नहीं रहे। इस सत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के कारण संसद में उपस्थित नहीं रहेंगे, इसलिए कांग्रेस में कोई दम नहीं होगा। लेकिन तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, के चंद्रशेखर राव की बीआरएस (पहले टीआरएस), जदयू और चिराग पासवान की पार्टी का व्यवहार कैसा रहेगा? क्या चिराग बिहार में नीतीश कुमार की सरकार को चिढ़ाएंगे? द्रमुक राज्यों के राज्यपालों की अनुचित शक्ति का मुद्दा उठाने को तैयार है।

अब जब तीन राज्यपाल अपने मुख्यमंत्रियों के साथ ठीक से व्यवहार नहीं कर रहे हैं, तो तीन क्षेत्रीय दलों ने राज्यपाल की शक्तियों पर सवाल उठाने का मन बना लिया है। तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल के राज्यपाल रोजमर्रा के प्रशासन में दखल दे रहे हैं। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान कुलपतियों की तरह अपनी पूर्ण शक्तियों का अनुचित लाभ उठा रहे हैं। वह सीपीएम के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन को निशाने पर लेते रहते हैं। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने नीट और ऑनलाइन गेम जैसे अन्य विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं किए। द्रमुक ने आरोप लगाया है कि आरएन रवि आरएसएस की विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं। और दिलचस्प बात यह है कि तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसै सौंदरराजन मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से चिढ़ती हैं। वह बहुत मुखर हैं। तमिलिसै द्रमुक सरकार पर भी टिप्पणी कर रही हैं। विपक्ष राज्यपालों की शक्तियों पर बहस की मांग करने के लिए तैयार है।

चाहे जिस भी तरह से देखें, जीत पर या एक ही सरकार के बार–बार सत्ता में आने पर संसद के दोनों सदनों में कोहराम मच जाएगा। कांग्रेस पार्टी के नेता भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त हैं। आधिकारिक तौर पर यह कहा गया है कि राहुल गांधी लोकसभा के शीत सत्र की कार्यवाही से बाहर रहेंगे। लेकिन मल्लिकार्जुन खड़गे, जो राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं, पहली बार सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष के तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। विपक्ष गुजरात में मोरबी पुल हादसे का मुद्दा उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। लोकसभा अध्यक्ष चाहे मानें या न मानें, कांग्रेस के नेता खुले तौर पर कह रहे हैं कि वे इसे दोनों सदनों में उठाएंगे। कांग्रेस श्रीलंका के हम्बनटोटा बंदरगाह पर चीनी जासूसी जहाज के ठहरने का मुद्दा भी उठाएगी, जो एक गंभीर मुद्दा है। इसके अलावा यूक्रेन युद्ध और क्वाड पर भी चर्चा हो सकती है। जैसा कि संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट किया, सरकार अमृत काल सत्र के दौरान विधायी कार्य और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए उत्सुक है। सरकार रचनात्मक बहस के लिए तत्पर है। क्या विपक्ष सरकार को सुचारू सत्र चलाने में मदद करेगा? सरकारी कामकाज की सूची देखें, तो यह लंबी है। कुछ सबसे महत्वपूर्ण विधेयक हैं, जिन्हें सरकार पारित करवाना चाहती है।

नरेंद्र मोदी सरकार संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान करीब 16 नए विधेयक ला सकती है। संसद में पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध विधेयकों में ट्रेडमार्क्स (संशोधन) विधेयक और डेंटल बिल शामिल हैं। ट्रेड मार्क विधेयक मैड्रिड पंजीकरण प्रणाली के पहलुओं को शामिल करने, कारण बताओ, सुनवाई और विपक्ष की सुनवाई से संबंधित प्रक्रिया में संशोधन करने और ट्रेड मार्क कार्यालय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक संचार को शामिल करने का प्रयास करता है। डेंटल बिल दंतचिकित्सा अधिनियम, 1948 को निरस्त करना और नेशनल डेंटल कमीशन की स्थापना करना चाहता है। जो बिल पहले ही पेश किए जा चुके हैं वे चर्चा एवं पारित करने के लिए लाए जाएंगे, उनमें एंटी–मैरीटाइम पाइरेसी बिल, 2019 और नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (संशोधन) विधेयक, 2022 शामिल हैं।

लोकसभा उन सदस्यों को भी श्रद्धांजलि देगी, जिनका सत्र के बीच की अवधि के दौरान निधन हो गया। मुलायम सिंह यादव का अक्तूबर में निधन हो गया था। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में अगर डिंपल यादव 2024 से कम अंतर से जीतती हैं, तो माना जाएगा कि मोदी–योगी की डबल इंजन सरकार ने समाजवादी पार्टी को पछाड़ दिया। संक्षेप में संसद का शीतकालीन सत्र दिलचस्प होने वाला है, जो निश्चित रूप से इस आख्यान को आगे बढ़ाएगा कि विपक्ष बहुत कमजोर है। और इससे 2024 में मोदी हैट्रिक का दावा करने वाली भाजपा की मानसिकता पर कम दबाव पड़ेगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने अधिकारियों को निष्पक्ष व शांतिपूर्वक चुनाव कराने के लिए किया आश्वस्त

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर निकाय चुनाव की अभी तक भले ही अधिसूचना जारी न हुई है, लेकिन पुलिस–प्रशासन ने शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। एसपी राजेश द्विवेदी ने पिहानी कोतवाली में निकाय चुनाव को लेकर जोनल, सेक्टर व थाना पुलिस मोबाइल टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। सीओ शिल्पा कुमारी ने ने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पिहानी पुलिस द्वारा अभी तक 8 गैर जमानती वारंटी,450 लीटर अवैध शराब बरामद, 13वारंटी ,6 वांछित, तीन तमंचे के साथ गिरफ्तार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तीन सौ लोगों पर चालानी रिपोर्ट भेजकर पाबंद करने की कार्रवाई की गई। 25 हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ 110जी की कार्रवाई की गई। वहीं एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह शस्त्र लाइसेंस धारकों में 194 शस्त्रों का सत्यापन कराया जा चुका है। इनमें सुरक्षा की दृष्टि से अब तक कुल पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी व सर्राफा बाजार में 25 शस्त्र धारकों छूट




के लिए चिह्नित किया गया है। 65 शस्त्र धारक कस्बे के बाहर निवास कर रहे हैं। 48 शास्त्र धारको ने अपना शस्त्र दुकानों पर जमा करा दिया है। एडिशनल एसपी ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव को संपन्न कराने के लिए पुलिस मोबाइल 3, सेक्टर पुलिस मोबाइल 13, थाना मोबाइल 4, कलस्टर मोबाइल 2, सर्किल रिजर्व 1, क्यूआरटी 2, कसबे मे करावा तिराहा, गोपामऊ चुंगी, शाहबाद तिराहा ,बस स्टैंड समेत अंदर 12 बैरियर व पिकेट बनाए गए हैं। चुनाव के दौरान इन सभी मोबाइलों, क्यूआरटी, बैरियर व पिकेट आदि पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## पिहानी नायब तहसीलदार चकबंदी समेत 15 लोगों पर मुकदमा दर्ज

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पूर्व प्रधान विमलेश के पुत्र विनोद सिंह ने वर्तमान प्रधान संगीता राठौर, ग्राम पंचायत अधिकारी अनूप गुप्ता व प्रधान पति पुष्पेंद्र राठौर पर न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया । विनोद सिंह पुत्र बिमलेश सिंह नि ग्राम नरधिरा पो० पण्डरवा थाना पिहानी जिला हरदोई 38 वर्ष प्रार्थी 1. पुष्पेन्द्र राठौर (प्रधानपति) उम्र 45 वर्ष लगभग पुत्र परमेश्वरदीन 2 संगीता राठौर (प्रधान) उम्र 42 वर्ष लगभग पुत्र पुष्पेन्द्र राठौर 3. अनूप गुप्ता (ग्राम पंचायत सेक्रेटरी उम्र 38 वर्ष लगभग 4 सुनीत पुत्र लक्ष्मण उम्र 52 वर्ष लगभग 5. सूरज पुत्र बिरजेश उम्र 27 वर्ष लगभग 6 जीतू पुत्र बिरजेश उम्र 24 वर्ष लगभग 7. लालाराम पुत्र कालिका उम्र 50 वर्ष लगभग 8. राकेश पुत्र कालिका उम्र 55 वर्ष लगभग 9, रामबन्द पुत्र कालिका उम्र 60 वर्ष लगभग सर्व निवासी ग्राम नरधिरा थाना पिहानी तहसील शाहाबाद जिला हरदोई 10. मोहित चौधी उम्र 32 वर्ष लगभग (चकबन्दी लेखपाल) तह शाहाबाद जिला हरदोई 11. पंकज गुप्ता (तहसील लेखपाल) उम्र 30 वर्ष तह० शाहाबाद जिला हरदोई 12. कानूनगो चकबन्दी तह शाहाबाद जिला हरदोई विशाल बरे उम्र 42 वर्ष 13 नायब तहसीलदार चकबन्दी तह शाहाबाद जिला हरदोई – अवधेश कुमार उम्र 45 वर्ष 14, अकुल राठौर उम्र 20 वर्ष पुत्र पुष्पेन्द्र राठौर 15 अरविन्द उम्र 34 वर्ष पुत्र मोहन लाल नि0 ग्राम नरधिरा थाना पिहानी जिला हरदोई प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 156 (3) जाफी महोदय, निवेदन है कि पार्थी उपरोक पते का निवासी है। प्रार्थी के पिता पूर्व याम प्रधान है प्रार्थी के पिता विमलेश सिंह के द्वारा लगभग 16 वर्ष पूर्व अपने प्रधान कार्यकाल के दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान अपनी ग्राम सभा के पापुलर यू0के0 लिप्टिस के वृक्षों को सरकारी चकरोड व गुले (नाले) के किनारे लगवाये गये थे जिनकी वर्तमान समय मे 600 से ऊपर संख्या थी। जिनकी कीमत लाखों में है। वर्तमान समय में विपक्षी स0 2 संगीता राठौर प्रधान है तथा विपक्षी स पुष्पेन्द राठौर उसका पति है याम प्रधान व उसके पति ने अन्य विपक्षीगणों से मिलकर सरकारी पेड़ों को अवैध रूप से कटवा लिया पार्थी व अन्य गाँव वालों ने इसकी सूचना तहसील के कर्मचारियों व अन्य विभाग वालों को दी परन्तु राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण प्रशासन के द्वारा विपक्षीगणो के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस तरह से सरकारी सम्पत्ति को लूट के तहसील कर्मचारियों व वन विभाग के कर्मचारियों को वित्तीय लाभ भी हुआ है जिसके कारण भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। प्रधान पति एक आपराधिक एक किस्म का व्यक्ति है जिसके क्रिमिनल हिस्ट्री प्रार्थना पत्र के साथ सलग्न है विपक्षीगणों के द्वारा प्रार्थी की साजिशन हत्या करवायी जा रही है विपक्षीगण परस्पर कार्यवाही करने पर जान से मारने व झूठे मुकदमों में फसाने की धमकी दे रहे हैं। प्रार्थी ने घटना की सूचना थाने पर दी परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई तब प्रार्थी ने श्रीमान जिलाधिकारी महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदय को रजिस्टर्ड डाक द्वारा व व्यक्तिगत रूप से प्रार्थना पत्र दिया। परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मनरेगा के सम्बंध के किसी भी प्रकार कि शिकायत न आने पाए। मशीनों से कही भी कार्य न हो। जो कार्य किये जायें कार्य योजना के हिसाब से ही हों। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मनरेगा में अधिक भुगतान वाले गांव की टीम बनाकर किये गये कार्यों का सत्यापन कराये। जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा भूपेंद्र सिंह को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन एक विकासखण्ड का निरीक्षण करें और मनरेगा के बड़े कार्यो का सत्यापन करें। जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सोशल आडिट को और प्रभावी बनाए। समस्त वीडीओ को निर्देश दिया कि सभी प्रकार के अभिलेख अपडेट करें और मास्टर रोल मौके पर उपलब्ध रहे। विकासखण्ड अधिकारी बरसठी सुजानगंज, मुंगराबादशाहपुर को मेंडेज बढ़ाये जाने के निर्देश दिया। सभी से कहा कि अभियान चलाकर 01 सप्ताह के भीतर जॉब कार्ड का सत्यापन कराए। मजदूरों के भुगतान के देरी न हों। मंगलवार एवं शुक्रवार को ब्लॉकों में श्रम विभाग के द्वारा पंजीकरण कराया जाए, जिसमें अधिक श्रमिको का पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी बीडीओ सम्बन्धित एसडीएम से बात कर जमीन चिन्हित करते हुए शत प्रतिशत गांव में खेल का मैदान बनवाना सुनिश्चित करें। विद्यालयों के कायाकल्प के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों ने अभी विद्युत कनेक्शन नही लिया है वे झटपट पोर्टल पर आवेदन कर दे, जिन विद्यालयों में बाउडीवाल नही है जल्द से जल्द बनवा लिया जाय। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया है कि आधार कार्ड प्रमाणीकरण जल्द से जल्द पूर्ण करा ले। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा की और पाया की प्रगति बहुत धीमी है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुष्मान कार्ड में लगे हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। उन्होंने एमओआईसी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन कम से कम 50 कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आशा, पंचायत सहायक एवं कोटेदारों का भी सहयोग लिया जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 1 सप्ताह का वृहद अभियान चलाकर साफ–सफाई कराया जाए। जनपद के 80 बाजारों को स्मार्ट बाजार बनाया जाना है जिसके संबंध में तैयारी कर ली जाए। जहां पर लोगों के द्वारा कूड़ा फेंका जाता है वहां पर साफ–सफाई कराते हुए किसी महापुरुष की मूर्ति लगवाई जाए और लोगों को साफ–सफाई रखने हेतु प्रेरित किया जाए। प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा ईट भट्ठों को मानक के अनुरूप चलाए जाने के संबंध में की गई बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जनपद के ईट भट्ठों को मानक के अनुरूप चलाए जाने के संबंध में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, एएमए जिला पंचायत एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी की संयुक्त टीम ईट भट्ठों का औचक निरीक्षण करें और और देखे कि सभी ईट भट्ठे प्रदूषण की एन ओ सी ले लिए हो, जीएसटी में पंजीकरण करा लिए हो और रॉयल्टी जमा कर रहे व अन्य जो कमिया पायी जाये उन्हे दूर कराने की कार्यवाही की जाय। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है ऐसे ईट भट्ठे जो मानक के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं उनके ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही की जाए। बैठक में सहायक श्रम आयुक्त गौतम गिरी, खनन निरीक्षक जिला पंचायत उपायुक्त प्रशासन राज्य कर एवं महामंत्री ईट भट्ठा समिति अनिल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अनुराग श्रीवास्तव बने महाराणा प्रताप सेना की युवा शाखा के राष्ट्रीय सचिव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन सिंह परमार ने राष्ट्रीय कार्यालय वीपी हाउस दिल्ली मे आयोजित प्रेसवार्ता मे उन्होंने कहा की भारत एक मूल्यों का देश है जहां पर जिहादियों का कोई काम नही है, उन्होंने बताया कि उनका जन्म हरदोई में हुआ था, और आज वे उत्तर प्रदेश से आज महाराणा प्रताप सेना का विस्तार करने जा रहे हैं, उन्होंने कहा की हमारी सेना में जिहादी मानसिकता वाले लोगों को जूतों से सम्मानित करने का काम करती हैं। साथ ही उन्होंने हरदोई जिले के तेज तर्रार युवा नेता अनुराग श्रीवास्तव को महाराणा प्रताप सेना का युवा मोर्चा राष्ट्रीय सचिव बनाने के साथ ही लखनऊ मंडल के प्रभारी के तौर पर नियुक्त किया। कई जिलों में भी जिला प्रभारी मनोनीत किए। उन्होंने आगे कहा कि अनुराग श्रीवास्तव भगवान चित्रगुप्त और परशुराम जी के लिए प्रचार प्रसार का काम करेंगे। अनुराग श्रीवास्तव ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी जिस निष्ठा से प्रदान की है उसी प्रकार महाराणा प्रताप सेना के सिद्धांतो पर चलते हुए हिंदू समाज को मजबूत करने के साथ साथ महाराणा प्रताप के पद चिन्हों पर चलकर भारत में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर भारत को मजबूत करने का कार्य अपनी युवा टीम के साथ करेगे ।



प्रेस कांफ्रेंस में महाराणा प्रताप सेना दिल्ली की महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रतिमा वर्मा ने अनुराग जी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाए प्रेषित की । योगेंद्र यादव, संदीप शुक्ला,प्रभाकर बाजपाई, शिव प्रसाद, सुरेंद्र राठौर कमलेश यादव, संजय अग्निहोत्री, आदि ने अनुराग श्रीवास्तव को महाराणा प्रताप सेना का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर जनपद हरदोई आगमन पर अनुराग श्रीवास्तव को मिठाई खिलाकर शुभकामनाए प्रेषित की।

## गरीब की सेवा से भगवान प्रसन्न होते हैं

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अल्लापुर ,शाहाबाद में कंबल वितरण का आयोजन शरीफ हुसैन के आवास पर उनके द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष हर्षवर्धन ने ऐसे संगठन जो गरीब और असहाय की मदद करते हैं जो सबको साथ में लेकर चलते हैं ऐसे लोगों को सम्मान मिलना चाहिए। अच्छे लोगों को पहचान कर उनका सम्मान करें। शारिब हुसैन/शरीफ हुसैन जो कार्य कर रहे हैं तारीफ लायक है।जो जात पात से उठकर सिर्फ इंसानियत देखता है ऐसे लोग हमें अति प्रिय हैं। पहले लोग सिर्फ ऐसे लोगों को सम्मान करते थे जो गुंडे टाइप के हैं। लेकिन आज का समय बदल गया। आज जो गरीब असहाय लोगों की मदद करता है और उनकी सहायता करता है उसको सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा ऐसे कार्य सभी को करना चाहिए ।गरीब की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। इस सेवा से सीधे भगवान की सेवा मानते हैं।विश्व हिंदू परिषद हमेशा अच्छे



व्यक्तियों के साथ रहता है शारीफ हुसैन ने हर्षवर्धन को माला पहनाकर स्वागत किया। उसके पश्चात सभी महिलाओं को पुरुषों को कंबल वितरण किए और सभी को धन्यवाद किया जिसमें मुख्य रुप से विश्व हिंदू परिषद के अशोक कुमार गुप्ता ,शिवम सिंह ,देवेश अनिल लाहोरी आदि लोग रहे।

## बहुत धूमधाम से मनाया गया नागरिक सुरक्षा कोर का 60 वां स्थापना दिवस

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज नागरिक सुरक्षा कोर का 60 वां स्थापना दिवस नागरिक सुरक्षा कोर कार्यालय गाँधी भवन फूलबाग में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया ।प्रातः 10 नियंत्रक जिलाधिकारी महोदय जी श्री विशाख जी ,अपर जिलाधिकारी अतुल कुमार ,उप नियंत्रक शिवराज सिंह ,चीफ वार्डन रोहित मल्होत्रा जी ने विभागीय ध्वजाउत्तोलन किया ।तत्पश्चात जिलाधिकारी/ नियंत्रक महोदय जी ने सभी वार्डनों को विभागीय शपथ दिलाई। दोपहर 2 बजे मर्चेंट चेम्बर हाल सिविल लाइन में एक गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें अपर जिलाधिकारी जी ने अपने उदबोधन में वार्डनों द्वारा किये कार्यो की सराहना की व जिलाधिकारी महोदय ने अपने उदबोधन में वार्डनों की सराहना करते हुवे अपेक्षा भी की आगे भी नागरिक सुरक्षा कोर का साथ प्रशासन को मिलता रहेगा ततपश्चात 4 दिसंबर को रक्तदान करने वाले वार्डनों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया कुछ सीनियर वार्डनों उनके उत्कृष्ट कार्यो के प्रति मोमेंटो देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक नीरज चक जी व विमलेश यादव जी



ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित सहायक उप नियंत्रक सुनील कुमार तिवारी,गुलाम नबी भंडार अधीक्षक,डिविजनल वार्डेन सुरेन्द बाजपेयी,वेद प्रकाश वर्मा ,अनुज चतुर्वेदी,धनंजय नारायण सिंह,अंकित पांडेय ,डिप्टी डिविजनल वार्डेन ब्रजेन्द्र अग्निहोत्री,संजय तिवारी ,आलोक मालवीय,योगेंद्र यादव ,स्टाफ अधिकारी दद्दन मिश्रा,राकेश गौतम,अनूप दीक्षित,कैफ मोहम्मद खान आदि ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी महोदय ने सभी को नागरिक सुरक्षा कोर के 60वें स्थापना दिवस की सभी वार्डनों को बधाई दी।

## कोतवाली अयोध्या अंतर्गत दर्शन नगर रेलवे स्टेशन के निकट साबरमती ट्रेन की चपेट में आकर एक की मौत एवं एक घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली अयोध्या अंतर्गत दर्शन नगर रेलवे स्टेशन के निकट बनारस से लखनऊ की तरफ जाने वाली साबरमती ट्रेन की चपेट में आए दो युवक एक की मौत एक घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमांशु वर्मा पुत्र रामकेवल वर्मा आयु 20 वर्ष निवासी निधान का पुरवा संजय तिवारी पुत्र अज्ञात आयु लगभग 28 वर्ष ग्राम साईं का पुरवा दर्शन नगर कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या आज शाम लगभग 7:20 पर बाजार से घर जा रहे थे कि बनारस की तरफ से आ रही साबरमती एक्सप्रेस की चपेट में आ गए जिससे हिमांशु वर्मा की घटनास्थल पर मौत हो गई संजय तिवारी को घायल अवस्था में मंडलीय चिकित्सालय भर्ती कराया गया घटना की सूचना पर जीआरपी अयोध्या चौकी इंचार्ज अशोक पाठक तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक हिमांशु वर्मा का पंचनामा भर आधुनिक चीरघर भिजवा दिया गया है।

# जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु 06 वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए 06 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न है– 1. थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दो वारंटी अभियुक्त अखण्ड पुत्र सतीशचन्द्र निवासी बलुआघाट थाना कोतवाली जनपद जौनपुर सम्वन्धित परि0 10/22 धारा 354 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना कोतावाली व वारण्टी अभियुक्त राजेश कुमार अग्ररी पुत्र राधेश्याम निवासी शहाबुद्दीनपुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर सम्वन्धित मु0नं0 3519/02 धारा 457/380/411 भादवि को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। 2. थाना जफराबाद पुलिस द्वारा दो वारंटी अभियुक्त छोटे उर्फ सुरेश पुत्र मंहगु नि0 कलन्दरपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर व रामाश्रय उर्फ रामा पुत्र महंगु निवासी कलन्दरपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर मु0नं0 330/22 धारा 323/504 भादवि थाना जफराबाद जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। 3. थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा एक वारंटी अभियुक्त बलवन्त पुत्र हीरालाल निवासी नडार थाना मु0बादशाहपुर जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 82/2020 धारा 323/504 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। 4. थाना महराजगंज पुलिस द्वारा एक वारंटी अभियुक्त सूरज सिंह पुत्र राघवेन्द्र प्रताप सिंह निवासी पूराजुझारराय थाना महराजगंज जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 449/2010 धारा 3/25/27 व मु0नं0 10032/2011 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना महराजगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया।

## जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर जोगियापुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में बोलते हुए जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत के आधुनिक निर्माताओं में से एक माने जाते हैं। उनके विचार व सिद्धांत भारतीय राजनीति के लिए हमेशा से प्रासंगिक रहे हैं। दरअसल वे एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था के हिमायती थे, जिसमें राज्य सभी को समान राजनीतिक अवसर दे तथा धर्म, जाति, रंग तथा लिंग आदि के आधार पर भेदभाव न किया जाए। उनका यह राजनीतिक दर्शन व्यक्ति और समाज के परस्पर संबंधों पर बल देता है। उनका यह दृढ़ विश्वास था कि जब तक आर्थिक और सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होगी, तब तक जनतंत्र की स्थापना अपने वास्तविक स्वरूप को ग्रहण नहीं कर सकेगी। दरअसल सामाजिक चेतना के अभाव में जनतंत्र आत्मविहीन हो जाता है। ऐसे में जब तक सामाजिक जनतंत्र स्थापित नहीं होता है, तब तक सामाजिक चेतना का विकास भी संभव नहीं हो पाता है। संगोष्ठी में बोलते हुए



शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर छुआछूत की पीड़ा को जन्म से ही झेलते आए थे। जाति प्रथा और ऊंच–नीच का भेदभाव वह बचपन से ही देखते आए थे और इसके स्वरूप उन्होंने काफी अपमान का सामना किया। डॉ भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत के विरुद्ध संघर्ष किया और इसके जरिए वे निम्न जाति वालों को छुआछूत की प्रथा से मुक्ति दिलाना चाहते थे और समाज में बराबर का दर्जा दिलाना चाहते थे। वे दलित वर्ग के लिए मसीहा के रूप में सामने आए जिन्होंने अपने अंतिम क्षण तक दलितों को सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया। संगोष्ठी के पश्चात कांग्रेसियों ने कचहरी स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बैठक में मुख्य रूप से तिलकधारी निषाद, डॉ राकेश उपाध्याय, शशांक राय अंकित,राकेश सिंह डब्बू, पंकज सोनकर,अबुजर सभासद, फैसल यासीन सभासद,सरवर अहमद,राजकुमार निषाद,बब्बी खान,अमन सिन्हा, आदिल,गुलाब सिंह, रोहित पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो पर केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लेदुका निवासी कमलेश गौतम की तहरीर पर पुलिस ने लेदुका गाँव के ही प्रदीप गौतम तथा अन्य अज्ञात पर मारने – पीटने , गाली गलौज देने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है! घटना मंगलवार सायं सात बजे की है! आरोप है कि कमलेश गौतम बाजार से घर जा रहे थे कि लेदुका निवासी प्रदीप गौतम उनके साथ अन्य अज्ञात लोग लेदुका बाजार में मारने पीटने लगे! विरोध करने पर लोग गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये! घटना में गंभीर रूप से घायल कमलेश को इलाज के लिए सीएचसी बदलापुर लाया गया! जहाँ प्रथम उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया! प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है!

## मानक के विपरीत सड़क निर्माण कराए जाने पर भड़के ग्रामीण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत क्षेत्र के थानागद्दी से भोजूबीर वाराणसी को जाने वाली मुख्य सड़क की मरम्मत में मानक के विपरीत कार्य कराए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। मालूम हो की थानागद्दी बाजार से वाराणसी जिले की सीमा तक लगभग 4 किलोमीटर सड़क की मरम्मत का कार्य पीडब्लूडी द्वारा कराया जा रहा है। मानक के विपरीत निर्माण कराए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने विरोध जताया। लोक निर्माण विभाग के जेई ने निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप कराए जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। तब जाकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। ग्रामीण मनोज सिंह, विनोद सिंह,अर्जुन सिंह, रितेश सिंह,पंकज सिंह, रतन, बृजेश नरेंद्र आदि ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य अत्यंत घटिया हो रहा है।मानक के अनुरूप गिट्टी न होना उचित टेंपरेचर का अभाव और साफ सफाई कर निर्माण कार्य नही किए जाने को लेकर कई दिनों से विरोध चल रहा है। फिर भी कार्य की गुणवत्ता में कोई सुधार नही हो रहा है।इसकी शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी दी गई।सड़क के किनारे की पटरी को बिना साफ किये गिट्टी डालने से गिट्टिया उखड़ जा रही है तो दूसरी तरफ गड्ढे ज्यों का त्यों है।इस विषय में विभागीय जेई रामनाथ का कहना है कि ठेकेदार को निर्देशित कर के जो भी कमियां हैं उनको दूर कर लिया जाएगा। गुणवत्ता के हिसाब से ही सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी के बाद चोरों ने ब्लैक बोर्ड पर लिखा मैं चोर नही हूं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के रत्तीपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौकिया होला में चोरों ने चोरी करने के बाद एक अजीव वारदात को अंजाम दिया, चोरी के बाद चोरों ने विद्यालय के ब्लैक बोर्ड पर लिखा मैं चोर नही हूं..। अगले दिन इसका पता चलने पर एक तरफ जहां चोरी की घटना से खलबली मची हुई है वही चोरों द्वारा लिखे गए संन्देश को पुलिस काफी देर तक समझने का प्रयास करती रही। वही इस बात की चर्चा क्षेत्र में होती रही। जफराबाद थाना क्षेत्र के रत्तीपुर गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौकिया होला में मंगलवार की देर रात किसी समय घुसे चोरों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक कार्यालय, कक्षा 6 के कमरे व रसोई घर का ताला तोड़कर उसमे लगा तीन पंखा, 12 फाइवर की कुर्सियां, 1 गैस चूल्हा, 1 गैस सिलेंडर, 1 बड़ा भगोना, 50 किलो एम डी एम का चावल, 10 किलो आटा व बच्चो के खेलकूद के लिए रखा स्पोर्ट्स कीट चुरा लिया। जाते–जाते चोर विद्यालय के ब्लैक बोर्ड पर लिख गए कि मैं चोर नही हूं..। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश यादव ने चोरी की सूचना ग्राम प्रधान नगीना देवी, डायल 112 व जफराबाद थाने पर दिया। चोरी की सूचना पर जफराबाद थाने के उप निरीक्षक धनंजय राय अपने दल बल के साथ मौके पर पहुचे और जांच पड़ताल किये। तथा चोरों के द्वारा ब्लैक बोर्ड पर लिखे संन्देश को अपने मोबाइल से फोटो लेकर जांच में जुट गए। वही चोरों द्वारा लिखे गए सन्देश की गांव में चर्चा होती रही। थाना प्रभारी जफराबाद राजाराम द्विवेदी ने पूछे जाने पर बताया कि विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा तहरीर मिल गयी है। पुलिस मौके पर गयी थी। जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही उक्त अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## थाना चन्दवक पुलिस टीम द्वारा नाजायज चाकू के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के कुशल दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी




केराकत श्री गौरव शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुये प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा अभियुक्त इनायत पुत्र इसराइल निवासी ऐचौरा थाना पटवई जनपद रामपुर (उ0प्र0) को मुखबिर की सूचना पर मढ़ी मोड़ के पास से नाजायज चाकू के साथ आज दिनांक 06.12.2022 को समय करीब 11.10 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 213/22 धारा 4/25 आर्म्स पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. इनायत पुत्र इसराइल निवासी ऐचौरा थाना पटवई जनपद रामपुर (उ0प्र0) । बरामदगी का विवरण– एक नाजायज चाकू गिरफ्तारी टीम 1.प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर । 2.उ0नि0 श्री अरुण पाण्डेय थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 पंचम सोनकर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4.का0 दीपक कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

## अधेड़ लापता : परिजन ने कोतवाली में गुमशुदगी का मामला कराया दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के दढ़ियाना टोला मोहल्ला निकट मल्हनी पड़ाव निवासी कमरुद्दीन उर्फ कसेरू



70 वर्ष बीते सप्ताह से घर से लापता हो गए हैं। परिजन द्वारा काफी खोजबीन की जाने के बाद ही पता नहीं चला तो परिजनों ने कोतवाली में तहरीर दिया है पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर युवक की जांच पड़ताल में जुटी हुई है साथ ही पुलिस द्वारा गुमशुदा के लिए विभिन्न थानों पर इस्तेहार भी चस्पा कर दिए गए हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है हालांकि परिजनों का कहना है कि उनका दिमाग कुछ कम काम करता है।बेटे निजामुद्दीन ने लोगो से पिता को खोजने में मदद की गुहार लगाई है।

## खड़े टैंकर में बाइक घुसी : 60 वर्षीय वृद्ध की हुई मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) फैजाबाद की आवाज कैंट कोतवाली अंतर्गत सहादत गंज फ्लाईओवर पर खड़े टैंकर से बाइक जा घुसी 60 वर्षीय वृद्ध की हुई मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार राज बहादुर सिंह पुत्र हनुमान सिंह आयु 60 वर्ष थाना भीटी जनपद अंबेडकरनगर आज आज सुबह लगभग 11:30 बजे बाइक द्वारा सहादत गंज से अयोध्या की तरफ जा रहे थे कि सहादत गंज फ्लाईओवर पर खड़े टैंकर में जा भिड़े जिसे घायल अवस्था में 108 एंबुलेंस के ई एम टी राजेंद्र प्रजापति द्वारा दोपहर लगभग 12:00 बजे जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर ने परीक्षण कर मृतक घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा कर पोस्टमार्टम हेतु कोतवाली नगर पुलिस मेमो भिजवा दिया गया है।

### 28 वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये कैप्टन गिरजाशंकर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सैनिक गिरजाशंकर बीटीसी महाविद्यालय के प्रांगण में कैप्टन गिरजाशंकर की 28 पुण्यतिथि तथा सशस्त्र



सेना झंडा दिवस का आयोजन पुष्पांजलि समारोह के रुप में आयोजित किया गया । इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डा. राजेश सिंह 'मुन्ना' द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया , साथ ही सिक्योरिटी एण्ड इंटेलीजेंस सर्विस के प्रशिक्षण प्रभारी राजेश प्रसाद द्वारा श्रद्धांजलि दी गई , इसी क्रम में इंटेलिजेंस के जवानों द्वारा गाड आफ आनर ( सलामी ) देकर पुष्पांजलि सभा में श्रद्धांजलि अर्पित कर कैप्टन गिरजाशंकर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया । भारतीय सेना में उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों को याद किया गया । भारतीय सेना में रहे कैप्टन गिरजाशंकर विशिष्ट सेवा मेडल चक्र विजेता रहे । वक्ताओं ने उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि कैप्टन गिरजाशंकर की शौर्य गाथाओं से आने वाली पीढ़ियों को बहुत कुछ सीखने में मदद मिलेगी तथा उनके मन में भी राष्ट्र के प्रति प्रेम ,आदर , और सम्मान बढ़ेगा । कार्यक्रम में सुमन गिरि, रमाकांत यादव, स्वरुप कन्नौजिया, जय सिंह, शिवाचन्द, सुनील कुमार यादव, आशुतोष तिवारी, सोने लाल सक्सेना ,अनिल कुमार सरोज, धीरज पाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के जवानों ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी तथा संस्थान के प्रबंध समिति के सदस्य विनय कुमार राय ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विश्व ब्राह्मण महासभा एवं हेल्प फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा ने विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी से की भेंट

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : 28 एवं 29 जनवरी को प्रयागराज में लगने वाले माघ मेले के लिए विश्व ब्राह्मण महासभा एवं हेल्प फाउंडेशन की तरफ से कानपुर के सभी सम्मानित जनों को निमंत्रण दीया जिसमें मुख्य रुप से सांसद श्री सत्यदेव पचौरी जी राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला जी किदवई नगर विधानसभा के विधायक श्री महेश त्रिवेदी जी हमारी प्यारी भाभी जी गोविंद नगर विधानसभा के विधायक श्री सुरेंद्र मैथानी जी एवं और भी गणमान्य व्यक्तियों को माघ मेले में आने के लिए निमंत्रण दिया निमंत्रण देने के लिए विश्व ब्राह्मण महासभा एवं हेल्प फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा जी एवं जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सुख समृद्धि फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं संस्थापक एवं हेल्प फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सिमरन कौर




जी मौजूद रही उनके साथ ब्राह्मण महासभा एवं हेल्प फाउंडेशन के और भी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पंडित धर्मेंद्र शुक्ला हुए विश्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : शिक्षा के क्षेत्र में लाखों छात्रों को अपने ज्ञान से सिंचित करने वाली डॉक्टर अनीता मिश्रा ने अब ब्राह्मण समाज को एक मंच पर एकत्रित करने का संकल्प लिया है इसी के तहत डॉक्टर अनीता मिश्रा पूरे भारत का भ्रमण कर ब्राह्मणों को एकत्रित कर रही हैं और सभी प्रदेशों में कार्यकारिणी का गठन भी उन के माध्यम से किया जा रहा है। बीते दिनों कानपुर में जयपुर से आई डॉ. अनीता मिश्रा ने बिठूर गंगा घाट पर गंगा आरती का भव्य आयोजन कर कानपुर ही नहीं प्रदेश भर के ब्राह्मण संगठनों और ब्राह्मणों जनों का ध्यान अपनी संस्था विश्व ब्राह्मण महासभा की ओर आकर्षित किया पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ अनीता मिश्रा जी ने बताया कि वह शिक्षा के क्षेत्र में लाखों छात्र–छात्राओं का अब तक भविष्य संवार चुकी हैं उन्होंने 1981 में विश्व ब्राह्मण महासभा का गठन किया था तब से अब तक शिक्षा के क्षेत्र में रहते हुए उन्होंने ब्राह्मण समाज के हित में अनेकों कार्य किए हैं पर अब शीघ्र ही वह पूरे भारत का भ्रमण करके सभी ब्राह्मण संगठनों और ब्राह्मण भाई–बहनों को एक मंच, एक विचार, राष्ट्र सेवा, समाज हित के लिए एकत्र करने का कार्य करेंगी इसके लिए वह राष्ट्रीय कार्यकारिणी प्रदेश कार्यकारिणी और जिला कार्यकारिणी का भी गठन कर रही है कानपुर में उन्होंने बिठूर गंगा के किनारे भव्य गंगा आरती का आयोजन करने के पश्चात भारतीय ब्राह्मण परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री पं. धर्मेन्द्र शुक्ला जी से अपने इस अभियान के लिए





सहयोग मांगते हुए उन्हें विश्व ब्राह्मण महासभा में राष्ट्रीय सचिव मनोनीत करने का आग्रह किया और सभी लोग साथ मिलकर ब्राह्मण हित राष्ट्र हित में कार्य करें ऐसी मंशा के साथ पंडित धर्मेन्द्र शुक्ला ने भी विश्व ब्राह्मण महासभा में राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत होने की स्वीकृति देकर डॉ अनीता मिश्रा जी को धन्यवाद दिया और अस्वस्थ किया कि वह ब्राह्मण समाज के लिए हर समय, हर तरह से तैयार रहेंगे और वह उन सभी लोगों का सहयोग देने के लिए हर वक्त तैयार हैं जो ब्राह्मण समाज और राष्ट्र के लिए कुछ करना चाहते हैं डॉ अनीता मिश्रा जी ने प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश पर पं. विकास त्रिवेदी व पं. सुमित अवस्थी को जिला अध्यक्ष कानपुर देहात नियुक्त किया डॉ.अनीता मिश्रा जी ने यह भी कहा कि वह 2023 में माघ मेला प्रयाग में एक भव्य ब्राह्मण समारोह का आयोजन भी करेंगी जिसमें 101 बटुको का निशुल्क यज्ञोपवीत कराया जाएगा।

# लखनऊ में पिस्तौल सटाकर किराना कारोबारी से दिनदहाड़े लूटे 15 लाख रुपये

लखनऊ ब्यूरो : बेखौफ बाइक सवार दो बदमाशों ने मंगलवार को दिनदहाड़े आलमबाग के मवैया फ्लाईओवर पर किराना करोबारी नीरज गुप्ता को पिस्तौल सटाकर 15 लाख लूट लिए। बंगला बाजार निवासी गुप्ता दोपहर करीब 3 बजे रुपयों से भरा बैग लेकर यहियागंज में एक नामी ब्रांड के गुटखा वितरक का भुगतान करने जा रहे थे। जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया उससे साफ है कि बदमाश कारोबारी की रेकी कर रहे थे। बहरहाल पुलिस बंगला बाजार से वारदात स्थल तक सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। डीसीपी पूर्वी ह्रदेश कुमार के मुताबिक बंगला बाजार में नीरज गुप्ता परिवार सहित रहते हैं। घर के एक हिस्से में शैलेंद्र ने किराना स्टोर खोल रखा है। नीरज इलाके के छोटे–छोटे व्यापारियों को थोक दाम पर माल देते हैं। उनके पास पान मसाला व गुटखा का भी काम है। नीरज के मुताबिक वह दोपहर में करीब 3 बजे घर से यहियागंज जाने के लिए स्कूटी से निकले। एक झोले में 15 लाख रुपये ले रखा था। स्कूटी से आलमबाग थाने के सामने होते हुये मवैया चौराहे पहुंचे। यहां से आगे मवैया फ्लाईओवर पर 100 मीटर ही बढ़े थे कि बदमाश आ धमके। ऐसा दुस्साहस : पहले तेज रफ्तार बाइक लहराई.. धक्का दिया...और पिस्तौल दिखाकर बैग लूट लिया नीरज के मुताबिक, बदमाश पास पहुंचते ही गालियां देने लगे। यही नहीं बाइक भी लहराने लगे। हादसा न हो इसके लिए मैं स्कूटी फ्लाईओवर की रेलिंग की तरफ दबाने लगा। इसी बीच बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने मुझे रेलिंग की तरफ धक्का दिया। जिससे मैं अनियंत्रित हो गया। इसी बीच पीछे बैठा बदमाश नीचे उतरा, उसने स्कूटी के पायदान पर रखा रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की। मैं उससे गुत्थमगुत्था हो गया। इसी बीच उसने पिस्तौल निकाली और मेरे पेट पर सटा दिया। बोला–झोला मेरे हाथ में आ गया है छोड़ दो, नहीं तो गोली मार दूंगा। उसने मुझे धक्का देकर स्कूटी पर गिरा दिया। जब तक संभलता बदमाश बाइक लेकर ऐशबाग की तरफ भाग निकले। बाइक चला रहे बदमाश ने हेलमेट पहन रखा था। जबकि भिड़ने वाले बदमाश का चेहरा



खुला था। 14 को होनी है बेटे की सगाई नीरज के बेटे आकाश की शादी मलिहाबाद में तय हुई है। शादी समारोह की भी तैयारी नीरज कर रहे थे। बेटे की सगाई 14 दिसंबर को होनी है। परिजनों के मुताबिक, नीरज पान मसाले का भी थोक में कारोबार करते हैं। मंगलवार को नीरज एक नामी गुटखा के डिस्ट्रीब्यूटर का भुगतान करने जा रहे थे। इसकी जानकारी होने पर पुलिस टीम वितरक के यहियागंज स्थित दुकान पर भी गई। जहां कर्मचारियों व अन्य लोगों से पूछताछ की है। वारदात के बाद बाजार चले गए थे नीरज वारदात की सूचना नीरज ने बेटे आकाश को कॉल कर दी। इसके बाद वह सीधे यहियागंज में व्यापारी नेता अमरनाथ मिश्रा व नवीन गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। व्यापारी नेताओं ने पुलिस को सूचना दी। इसका जिक्र नीरज ने अपनी तहरीर में भी किया है। हर हरकत पर थी बदमाशों की नजर...सीसीटीवी कैमरा न होने से मवैया फ्लाईओवर को वारदात के लिए चुना पुलिस के मुताबिक अब तक की पड़ताल में सामने आया है कि बदमाशों ने नीरज के आने–जाने केबारे में पूरी जानकारी हासिल कर रखी थी। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। उनको पता था कि मवैया के फ्लाईओवर से ही वह यहियागंज जाते हैं। वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। ज्यादा भीड़ भी नहीं रहती है। इसलिए वारदात के लिए यह स्थान चुना है। एसीपी कैंट अनूप सिंह के मुताबिक वारदात की जानकारी होने के बाद वारदात स्थल से लेकर नीरज के घर तक पुलिस टीम फुटेज खंगाल रही है। वहीं वारदात को लेकर मॉकड्रिल भी की गई है।

## शौर्य दिवस पर हिंदू महासभा ने कार सेवकों को दी श्रद्धांजलि

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दिसंबर शौर्य दिवस के अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में सरयू तट पर वीर बलिदानी कारसेवकों को हाथ में जल लेकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान की गई ,इस अवसर पर काशी विश्वनाथ तथा कृष्ण जन्म भूमि को मुक्त कराने का संकल्प भी लिया गया हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि अयोध्या की साधना अब पूर्ण हुई ,अब काशी और मथुरा की बारी है श्री पांडेय ने वीर बलिदानी कारसेवकों के परिवारों की बदहाल आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से यह मांग की है कि कारसेवकों के परिवारों को न शिर्फ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत की जाए, इन पीड़ित परिवारों में जो सक्षम हो उन्हें सरकारी नौकरी भी प्रदान की जाए, हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत राम लोचन शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि भव्य राम मंदिर निर्माण होने में संतों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है संतो के संघर्ष के कारण आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है संतों की एकजुटता शीघ्र ही काशी विश्वनाथ और कृष्ण जन्म भूमि को विधर्मियो से मुक्त करवाएगी सरयू तट पर श्रद्धांजलि के हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडे, के द्वारा वीर बलिदानी कारसेवकों वासुदेव गुप्ता रमेश पांडेय तथा राजेंद्र धरिकार के आवास पर पहुंचकर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर बलिदानी कारसेवकों के परिवार की बदहाल स्थिति के लिए केंद्र और राज्य सरकार से मांग की गई कि वे शीघ्र अति शीघ्र इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लें उनके द्वारा प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज को पत्र भेजकर मांग की है इस अवसर पर अधिवक्ता राजीव शुक्ला, अजय शुक्ला, श्याम जी मौर्य, राधेश्याम, रिंकू तिवारी, महंत नारायण दास जी महाराज, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## डॉक्टर मुरलीधर सिंह को पत्रकार गौरव : पुलिस उपाधीक्षक डॉ राजेश तिवारी व शैलेंद्र सिंह को मिला सजग प्रहरी का सम्मान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) यूपी जर्नलिस्टस एसोसिएशन अयोध्या इकाई के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि व संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष रतन दीक्षित ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून , पत्रकार पुरम कॉलोनी तथा रेलवे सेवा बहाल करने के लिए संगठन के राष्ट्रीय सम्मेलन में भी प्रस्ताव पास हुआ है जिसके लिए जरुरत पड़ने पर उपजा बड़ा आंदोलन भी करेगी। श्री दीक्षित ने कहा कि पत्रकारो के विरुद्ध फर्जी तरीके से दर्ज मुकदमे में उत्पीड़न रोकने के लिए राज्य स्तर पर हाई लेवल की कमेटी बनाई जाए जिसमें पत्रकार संगठन के लोग शामिल किए जाएं। टोल प्लाजा पर पत्रकारों को छूट दिए जाने की भी उन्होंने आवाज उठाई। समारोह के विशिष्ट अतिथि तपस्वी पीठाधीश्वर जगत गुरु परमहंस आचार्य ने पत्रकारों के लिए आवास , मानदेय तथा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने के लिए प्रदेश सरकार से मांग किया। उन्होंने यह भी कहा कि मांगें न माने जाने पर आमरण अनशन की चेतावनी भी दिया। समारोह में बोलते हुए उपनिदेशक सूचना डॉक्टर मुरलीधर सिंह ने परमहंस की आमरण अनशन की चेतावनी पर रोकते हुए कहा कि अभी वे आमरण अनशन ना करें।उन्हें 90 दिन का समय दीजिए। वह प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर अयोध्या में पत्रकार पुरम कॉलोनी बनाए जाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए उदासीन आश्रम के महंत डॉ भरत दास ने कहा कि पत्रकारों का कर्म एक तपस्या है । वह निर्भीक होते हैं और सत्यता को उजागर करते हैं। प्राचीन वेदों में भी पत्रकारों की भूमिका को सराहा गया है।उन्होंने नारद जी का भी उदाहरण दिया। समारोह को सीओ सदर डा0 राजेश तिवारी ने भी संबोधित किया और कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अयोध्या के पत्रकार श्रेष्ठ और सज्जन हैं। पत्रकारों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले है। उन्होंने प्रांतीय अध्यक्ष रतन दीक्षित की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके गुरु रहे हैं और उनके द्वारा दिए गए संस्कार आज भी उनमें हैं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे उपजा अयोध्या इकाई के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने मुख्य अतिथि रतन दीक्षित व विशिष्ट अतिथियों श्री राम जन्म भूमि न्यास के सदस्य महंत दिनेंद्र दास , जगत गुरु परमहंसाचार्य , डॉक्टर भरत दास व प्रांतीय संगठन मंत्री संतोष भगवन का माला पहना कर स्वागत किया। उपजा संगठन द्वारा बनाई गई कमेटी की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष रतन दीक्षित व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी द्वारा पत्रकार गौरव के सम्मान से उप निदेशक सूचना डॉ मुरलीधर सिंह , चिकित्सा भूषण सम्मान से राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्यजीत वर्मा व आर पी पांडेय वैद्य तो सजग प्रहरी के सम्मान से सीओ सदर डॉ राजेश तिवारी व सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया । वहीं समाज सेवा के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी हनुमान सोनी को संगठन द्वारा समाज रत्न के सम्मान से नवाजा गया। उपजा संगठन ने शूटिंग के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन करने वाली टीम के कोच शनि कुमार वर्मा व उनकी टीम के डा0 डी आर भुवन महिला कांस्टेबल नीलू शर्मा पीयूष सिंह उपनिरीक्षक नेहा इसरार अजीत पासवान पीयूष सिंह ध्रुव सिंह अनुराधा विजेंद्र कुमार वंशिका चौधरी सहित पूरी टीम को भी सम्मानित किया। समारोह का संचालन जिला महामंत्री डीके तिवारी ने किया । समारोह में प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी उपजा संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता उपाध्यक्ष राकेश बैद अजय श्रीवास्तव संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव के अलावा सुरजीत वर्मा उदयन आर्य पूजा राव महेंद्र कुमार उपाध्याय आकाश सोनी सोनू चौधरी प्रमोद पांडे परमजीत कौर ज्योति जायसवाल आशुतोष श्रीवास्तव अंकुर पांडे रूबी सोनी कपिल तिवारी स्कंद दास सूरज कुमार राम प्रकाश तिवारी मिशन खान आकाश सोनकर महंत चतुर्भुज दास मनोज कुमार मिश्रा पवन पांडे प्रोफेसर डॉक्टर डीके सिंह ओम प्रकाश श्रीवास्तव नीलम सिंह मोहम्मद जसीम मनोज कुमार दुबे मनोज कुमार गुप्ता पीयूष कुमार सिंह उमेश गुप्ता शेषमणि पांडे दिनेश तिवारी धर्मेंद्र चौरसिया अजय कुमार निर्मल पांडे अशोक तिवारी राजेश सिंह मानव विनय गुप्ता रवि मौर्य अखंड प्रताप सिंह संतोष पांडे सहित भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के पार्षद जगत नारायण यादव के प्रति जनता का रुझान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या नगर निगम में मेयर व पार्षदों का कार्यकाल शीघ्र ही समाप्त होने वाला है।क्योंकि कुछ ही दिनों में नगर निकाय चुनाव होने वाला है।अब तक मेयर व पार्षद ने अपने अपने क्षेत्रों में कितना विकास किया, उनके प्रति जनता का क्या रुझान है वही पार्षद अगर अगले बार फिर चुने जाते है।पेश है एक रिपोर्ट इसी कड़ी में इस समय अयोध्या नगर निगम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के पार्षद जगत नारायण यादव का कार्यकाल लगभग पूरा हो चुका है।इस समय जल्द ही नगर निकाय का चुनाव भी होना है।जब संबंधित मीडिया कर्मी होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में जाकर वहां के लोगों की नब्ज टटोलने का काम किया तो अधिकतर लोग उनके कार्यों से संतुष्ट दिखे।इस मौके पर वहां के लोगों ने बताया कि यहां के पार्षद जगत नारायण यादव पार्षद होने के साथ–साथ एक समाजसेवी भी हैं।जो लगातार समाज की सेवा करते रहते हैं। इस मौके पर वार्ड के लोगों ने बताया कि पार्षद बनने से पहले भी आज लगभग 10 साल पूर्व से वे सर्दियों में जरुरत मंद व गरीबो को कंबल वितरण का सराहनीय कार्यक्रम किया करते हैं। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि इस बार भी अभी पिछले महीने भी उन्होंने लगभग 300 से 400 जरुरत मंद लोगों को कंबल वितरण किया। वही वार्ड के लोगों के मुताबिक वे निस्वार्थ भाव से हर समय वार्ड के लोगों की सेवा करते रहते हैं।वे श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड का विकास किया।जिसमें प्रमुख रूप से कालोनी व मुहल्ले में नाली, रोड, सीवर, पानी की पाइप लाइन, खंबो व गलियों में लाइटो की व्यवस्था और जो भी सुविधा नगर निगम से मिलती है। वह सारी सुविधाओं का लाभ पार्षद जगत नारायण यादव ने अपने वार्ड की जनता तक पहुंचाया।इस मौके पर वार्ड की



जनता से बात करने पर उन्होंने बताया कि हम लोग वर्तमान पार्षद के कार्यकाल से काफी खुश हैं।क्योंकि उन्होंने वार्ड का विकास किया है।वही उन्होंने कोरोना काल में भी हम सभी की हर संभव मदद किया।वे अपने वार्ड के लोगों के सुख दुख में सदैव खड़े रहते हैं।वहीं कोरोना महामारी के दौरान भी पार्षद जगत नारायण यादव व विजय नारायण यादव दोनों भाई अपने वार्ड के लोगों का बहुत ख्याल रखा। लॉकडाउन में भी सभी लोगों को राशन किट पहुंचाया और मास्क सैनिटाइजर व फागिंग के साथ साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा।वार्ड के लोगों ने बताया कि जब भी हम लोगों को पार्षद जगत नारायण यादव की जरूरत पड़ती है तो पार्षद हम लोगों के हर संभव मदद के लिए तैयार रहते हैं।हम सभी वार्ड के लोगों की मदद करते हैं।इसलिए हम लोगों को ऐसा पार्षद चाहिए जो अपने वार्ड के लोगों का ख्याल रखें और वार्ड का विकास करें।इस मौके पर पार्षद जगत नारायण यादव ने बताया कि हमसे जो हो सका वह हमने अपने वार्ड के विकास लिये किया है और करते रहेंगे।अबकी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड का नाम बदल गया है।अब अश्वनी पुरम वार्ड हो गया है।और उसमें अबकी ओबीसी सीट है।जो कि वर्तमान पार्षद जगत नारायण यादव ही दूसरी बार भी प्रत्याशी के तौर पर रहेंगे और नगर निकाय का चुनाव लड़ेंगे।पार्षद जगत नारायण का कहना है हमने अपने वार्ड का विकास किया है नाली नल खड़ंजा प्रकाश की व्यवस्था जो हमसे हो सका अपने वार्ड के लोगों के लिए किया,और जो छूटा हुआ कार्य है।अगर अबकी बार भी इस नगर निकाय के चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिला है तो वह छूटा हुआ कार्य करूंगा और अपने वार्ड का विकास करूंगा।

## राम नगरी में गरीबों के घरों मंदिरों व दुकानों पर चल रहा प्रशासन का बुलडोजर – पवन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)आने वाले दिनों में राम नगरी की पहचान मंदिर मठों के अलावा संत महात्मा के नाम पर न होकर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों व बड़े बड़े कांप्लेक्स के नाम से होगी।यहां पर जिस तरीके से इस समय भाजपा सरकार द्वारा अयोध्या को उजाड़ने का काम किया जा रहा है।यह बातें शहर के एक होटल में सपा के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने पत्रकारों से खास मुलाकात में कहीं।इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस समय अयोध्या कई पीढ़ियों से रह रहे दुकानदारों व वहां के लोगों को उजाड़ने का काम कर रही है।देर रात में इनके दुकानों व मकानों पर भाजपा सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन का बुलडोजर चल रहा है।जिसके चलते कई सालों से इस दुकान व मकान में रह रहे गरीब व दुकानदार आज खुले आसमान पर रहने को मजबूर हैं।उन्होंने बताया कि आज भाजपा सरकार के करनी और कथनी में फर्क इसी बात से लगाया जा सकता है कि अयोध्या में निर्माण कार्य शुरू होने से पहले भाजपा सरकार में बैठे मंत्रियों व प्रशासन ने कहा था कि जब किसी भी व्यापारी की दुकानों व अयोध्या के लोगों की घरो को तोड़ा जायेगा तो शासन व जिला प्रशासन द्वारा उसके बदले पहले ही उन्हें दुकान या मकान आवंटित कर दिए



जाएंगे।लेकिन दुकान व मकान तोड़े जाने से पहले तो दूर उसके बाद में उनको मानक के अनुसार ना तो मुआवजा मिला और ना ही मकान मिला।मिल रहा है तो डेढ़ से दो लाख रुपये। जिसके चलते उनका कुछ होने वाला नहीं है।पूर्व सपा मंत्री श्री पाण्डेय ने बताया कि आज अयोध्या में कई पीढ़ियों से दुकान लगा कर जीविका चला रहे दुकानदारों की दुकानें व मंदिरों व लोगों की वर्षों पुरानी मकानो पर देर रात जिला प्रशासन का बुलडोजर चल रहा है।जिसके चलते उनके रोजगार ठप हो गए हैं गरीब रोजी रोटी के लिए तरस रहे हैं जिसमें हजारों लोग प्रभावित हैं।

## साकेत नगर वार्ड से चुनाव लड़ रही दीपा श्रीवास्तव लोगों के मुताबिक सब पर पड़ रही भारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)नगर निकाय आरक्षण सूची जारी होते ही अयोध्या नगर निगम अध्यक्ष पद पर जहां एक हो महिला उम्मीदवार अपनी–अपनी दावेदारी दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।वही इसी कड़ी में अयोध्या नगर निगम के सभी वार्डों में अपनी–अपनी दावेदारी कर उम्मीदवार चुनावी जनसंपर्क में भी जुट गए हैं।इसी कड़ी में सोमवार की शाम अयोध्या नगर निगम वार्ड में स्थित वार्ड संख्या 33 साकेत नगर वार्ड से पूरे दमखम से पार्षद पद के लिये अपनी दावा प्रस्तुत कर रही श्रीमती संतोष श्रीवास्तव उर्फ दीपा श्रीवास्तव के आगे अन्य दलों के प्रत्याशी इनके आगे बौने नजर आ रहे हैं।यह दावा यहां पर भाजपा पार्षद प्रत्याशी की होड़ में दावेदारी प्रस्तुत कर रहे श्रीमती श्रीवास्तव का ना कहकर बल्कि साकेत नगर वार्ड में स्थित ककरहवा निवासियों ने कहीं।सोमवार की शाम साकेत नगर वार्ड संख्या 33 से भाजपा पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने की दावा कर रही श्रीमती श्रीवास्तव ने वार्ड के ककरहवा मोहल्ले में जाकर अपने लिए वहां के लोगों से वोट मांगा।इस मौके पर वहां पर मौजूद ककरहवा निवासियों ने जिसमे वहां की महिलाओं व पुरुषों ने यहां पर मौजूदा पार्षद के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि कि आज उनके सौतेले व्यवहार के चलते आज यह मुहल्ला विकास से काफी दूर है यहां पर मौजूद मोहल्ले के लोगों ने बताया कि इस मोहल्ले में ना तो सफाई की उचित व्यवस्था है ना ही सड़क नाली बिजली पानी की समुचित व्यवस्था। जिसके चलते हम लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।



उन्होंने एक सुर में यह कहते हुये बताया कि आने वाले नगर निकाय चुनाव में इस बार हमें दीपा श्रीवास्तव को साकेत नगर वार्ड से नया पार्षद चुनना है।जिसके चलते समूचे साकेत नगर वार्ड का विकास हो सके।वही इसी कड़ी में साकेत नगर वार्ड से चुनाव लड़ने लड़ रही दीपा श्रीवास्तव ने कहा कि इनकी समस्याओं का निराकरण करना हमारी प्रमुख प्रथम प्राथमिकता रहेगी।इस वार्ड को चौमुखी विकास करना हमारी मुक्ता रहेगी।जिसमें बिजली पानी सड़क सफाई सहित अन्य मूल व्यवस्थाएं आवश्यकताएं शामिल रहेंगे।इस मौके पर सुनीता,गुड़िया, पुष्पा, नीलम,जय श्री, पुष्पा देवी, कमलावती, बिट्टू देवी,सरोज, नीतू,नीलम पांडे, मिथलेश पाठक,बिंदेश्वरी, शांति देवी, इंदिरावती, अनुज कुमार, रमेश, सुरेश, अमरनाथ, सूरत, आदित्य, हुबलाल पाल,चंदन,राम आशीष, सुखराम,जमुना, राकेश, विकास सहित कई लोग मौजूद रहे।

## घर में ताला बन्दकर शादी में गए व्यक्ति के घर चोरों ने 60 हजार नगदी सहित लाखों का सामान किया पार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रूदौली कोतवाली की भेलसर चौकी क्षेत्र के कुछ दूरी पर हुई लाखों की चोरी नगदी सहित समान लूटने के बाद चोरों ने घर मे आग लगा दी जिससे घर की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई।घटना की पीडत ने भेलसर चौकी में लिखित तहरीर दी है।भेलसर चौकी क्षेत्र के ग्राम लखनीपुर निवासी मुजीब अहमद पुत्र जमील अहमद ने भेलसर चौकी प्रभारी को शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित मुजीब अहमद ने बताया कि दो दिसम्बर को हम लोग पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पचलो में एक रिश्तेदार के यहां ताला बन्द कर पूरा परिवार के साथ निमंत्रण में गए तब।रविवार की सुबह मुहल्ले के लोगों ने घर मे आग लगने की की सूचना मोबाइल से दी।आग लगने की सूचना मिलते ही जब हम लोग पहुंचे तो देखा कि पूरे घर मे घुस कर चोरों ने लूटपाट किया जिसमें लगभग साठ हजार रुपये नगद व लगभग तीन लाख का समान जिसमे जेवर,कपड़ा व अन्य सामान था और जाते समय चोरों ने तीनों कमरों मे आग लगा दी जिसमें तख्त डबल बेड व कपड़ा व बच्चों की सारी किताबे बस्ता आदि सारा सामान जलकर राख हो गया। हम लोगों के बदन पर जो कपड़ा है सिर्फ वही कपड़ा बचा है।इस सम्बंध में भेलसर चौकी प्रभारी दृवेश द्विवेदी ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच की जा रही है।

## शशि यादव की दावेदारी के बाद नगर पंचायत क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज वार्ड नंबर 8 से सभासद प्रत्याशी हेतु महिला शशि यादव ने भारतीय जनता पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किए जाने हेतु अपनी दावेदारी पेश कर दी है।उन्होंने पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र नगर पंचायत कुमारगंज के चुनाव प्रभारी भाजपा नेता राधेश्याम त्यागी को सौंप दिया है। सभासद प्रत्याशी के तौर पर शशि यादव का कहना है कि उन्होंने सभासद का चुनाव लड़ कर क्षेत्र और समाज की सेवा करने का मन बना लिया है। वहीं दूसरी ओर वार्ड संख्या 8 से सभासद पद हेतु महिला शशि यादव द्वारा दावेदारी किये जाने के बाद नगर पंचायत क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। लोगों का



मानना है कि महिला शशि यादव के सामने अन्य दावेदार अपनी दावेदारी पेश करने मे हिचकिचाहट शुरू कर दिए हैं।

## डीआईजी ने पूरा कलंदर का किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने नगर निकाय चुनाव के दृष्टि से थाना पूरा कलंदर का आकस्मिक निरीक्षण किया। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक श्री सिंह ने वहां पर रिपोर्टिंग महिला चौकी, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, आरक्षी बैरक, मेस तथा अन्य कार्यालयों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर वहां पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक के के मिश्रा सहित अन्य पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वही इसी कड़ी में उन्होंने पुलिस कर्मियों को वहां पर रजिस्टर के रख रखाव व अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## बड़ी संख्या में लोगो ने ग्रहण की आम आदमी पार्टी की सदस्यता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निगम के आचार्य नरेंद्र देव वार्ड के बड़ी संख्या में लोगों ने रीडगंज आम आदमी पार्टी कार्यालय पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी निकाय चुनाव समिति के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने जिला अध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति की मौजूदगी में आचार्य नरेंद्र देव वार्ड से मो मेहदी उर्फ आफाक मिर्जा के नेतृत्व में आए लोगों को आम आदमी पार्टी कार्यालय पर सदस्यता दिलाई। सभी ने निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी उम्मीदवार को जिताने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि हमारी पार्टी जनसंपर्क कर लगातार अपना जनाधार बढ़ाने में सफल रही है और लोगों ने भी अपना पूर्ण समर्थन हमें दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियां जनता के बीच लोकप्रिय हो चुकी है और जनता अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल को उत्तर प्रदेश में भी लाना चाहती है।

## 19 दिसंबर को अमर शहीद अशफाक उल्ला खां का शहादत दिवस समारोह आयोजित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान द्वारा 19 दिसंबर को आयोजित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के शहादत दिवस समारोह के मुख्य अतिथि शहीदे आजम भगत सिंह के भांजे प्रोफेसर जगमोहन सिंह होंगे।इस अवसर पर 24वा माटी रतन सम्मान भी चयनित लोगों को प्रदान किया जाएगा। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष माटी रतन सम्मान के लिए चयन समिति ने उर्मिलेश,प्रोफेसर याकूब यावर, नेहा सिंह राठौर का नाम चयनित किया है।इस अवसर पर पुरस्कार तथा छात्रों की सहायता भी की जाएगी। पुरस्कारों के लिए होने वाली परीक्षा के संयोजक मनोहर लाल इंटर कालेज के वरिष्ठ अध्यापक दानबहादुर सिंह तथा केन्द्र व्यवस्थापक कालेज के प्राचार्य बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा 16दिसंबर को मनोहर लाल इंटर कालेज में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक होगी। समारोह की अध्यक्षता महापौर ऋषिकेश उपाध्याय करेंगे। इस अवसर पर अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र शादाब उल्ला खां तथा सिने कलाकार रफी खघन भी समारोह में शामिल होंगे।

## नगर निगम चुनाव के दौरान गूंजा राम पथ के निर्माण का मुद्दा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निगम चुनाव के दौरान गूंजा राम पथ के निर्माण का मुद्दा,समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्यमंत्री पवन आए व्यापारियों के साथ, प्रेस कांफ्रेस में भाजपा सरकार को लिया आड़े हाथों। पवन पांडे का बयान।भाजपा के सरकार में व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है,सहादतगंज से नया घाट तक का व्यापारी डरा हुआ है सहमा हुआ है कि कब भाजपा सरकार का बुलडोजर उसके दुकान और मकान को जमींदोज कर देगा, पवन पांडे का आरोप, नापा कुछ जा रहा है तोड़ा कुछ जा रहा है।मुआवजे में भी असमानता,विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा अयोध्या पहुंचकर व्यापारियों से किया था वादा, दुकान हटने के पहले दिया जाएगा दुकान का आवंटन, डिप्टी सीएम ने किया था वादा, दुकान के बदले दी जाएगी दुकान, हजारों परिवारों के पेट पर हजारों परिवारों के रोजगार पर बुलडोजर चलवा रही है सरकार, उसी मांग को सपा दोहरा रही है, जहां पर सड़क का चौड़ीकरण समाप्त हो रहा है वहीं पर दुकान व्यापारियों को दी जाए जिससे उनका जीवन यापन चल सके पवन पांडे।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।